दिन–गुरुवार दिनांक– 03 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला और मन्टू तिवारी को दोषी करार देते हुये उम्र कैद की सजा सुनाई।

02. केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की। योजना के तहत छात्रों को प्रतिमाह पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

03. कोसी नदी की बाढ़ से प्रभावित इलाकों की स्थिति में मामूली सुधार। सहरसा–मानसी रेलखंड पर पानी का दबाव घटा।

04. और, कलश स्थापना के साथ नवरात्र आज से शुरू। पहले दिन हो रही है देवी दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चना।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला और मन्टू तिवारी को दोषी करार देते हुये उम्र कैद की सजा सुनाई है। वहीं, न्यायालय ने इस मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह और राजन तिवारी समेत छह आरोपियों को बरी कर दिया है। गौरतलब है कि पटना उच्च न्यायालय ने इस हत्याकांड में सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया था। इसके बाद पूर्व मंत्री की पत्नी और भाजपा नेता रमा देवी तथा सीबीआई ने पटना हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में निचली अदालत ने सभी आठ दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। बृजबिहारी प्रसाद की हत्या वर्ष उन्नीस सौ अंठानवे में उस समय कर दी गयी थी, जब वे पटना स्थित आईजीआईएमएस में इलाज के लिए भर्ती थे।

————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से जेल मैनुअल में मौजूद जातिगत भेदभाव बढ़ाने वाले नियमों को हटाने का आदेश दिया है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने जेल के अन्दर जातिगत आधार पर काम के बंटवारे को रोकने संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया। पीठ ने जेल मैनुअल में मौजूद ऐसे नियमों में तीन महीने के अन्दर बदलाव करने के निर्देश दिये।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने आज प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा

की थी। इसका उद्देश्य पांच वर्षों में देश की शीर्ष पांच सौ कंपनियों में एक करोड युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। पायलट प्रोजेक्ट के लिए आठ सौ करोड रुपये की राशि निर्धारित की गई है। सरकार का लक्ष्य वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में सवा लाख इंटर्नशिप देने का है। उम्मीदवार इस महीने की बारह से पच्चीस तारीख तक इंटर्नशिप के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत इंटर्नशिप करने वालों को प्रतिमाह पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

———————————————————————————

राज्य में कोसी नदी की बाढ़ से प्रभावित इलाकों की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है जबकि अन्य नदियों से आई बाढ़ से प्रभावित इलाकों में स्थिति अभी भी गम्भीर बनी हुई है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार सत्रह जिलों की लगभग पन्द्रह लाख की आबादी बाढ़ की चपेट है। इधर, सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि भीमनगर कोसी बराज पर पानी के डिस्चार्ज में कमी आने के बाद बाढ़ की स्थिति में सुधार है। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हवाई निरीक्षण के बाद बताया कि सभी बसावटों से पानी निकल गया है।

———बाईट———

सीतामढ़ी के जिलाधिकारी रिची पांडेय ने बताया कि जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्थिति धीरे–धीरे सामान्य हो रही है। बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ चुका है।

———बाईट———

सहरसा, मधेपुरा, मधुबनी, दरभंगा, किशनगंज, पूर्णियां और अररिया जिले में भी बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। इधर, समस्तीपुर रेलमंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि कोसी के जलस्तर में कमी आने के बाद सहरसा–मानसी रेलखंड पर स्थिति नियंत्रण में है। संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बरती जा रही है।

———बाईट———

इधर, मुज़फ़्फ़रपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंडक नदी का पानी कई नये इलाकों में फैल गया है।

———बाईट———

गंडक नदी का पानी जिले के साहेबगंज प्रखंड के कई पंचायतों में फैल गया है। बंगरा निजामत, रूप छपरा, माधोपुर और देवसर का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है। पारु प्रखंड के कुछ इलाके में भी बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। वहीं, बोचहां के नरमा गांव में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। बागमती नदी का पानी गायघाट प्रखंड के नए इलाकों

में फैल रहा है। इधर, लखनदेई नदी का पानी कटरा प्रखंड के उत्तरी इलाके में तेजी से प्रवेश कर रहा है। बकुची पीपा पुल पर आज पांचवें दिन भी पानी के कारण आवागमन ठप है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुज़फ़्फ़रपुर से के के कौशिक।

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी और भारी बारिश के चलते पीरपैंती–बाखरपुर मुख्य मार्ग पर बना मुस्तफापुर चौखंडी पुलिया ध्वस्त हो गया।

–––बाईट–––

मुस्तफापुर चौखंडी पुलिया के ध्वस्त होने से बाखरपुर, बाबूपुर–तिलकधारी टोला और मोहनपुर–गोविंदपुर समेत कई गांवों को जिला मुख्यालय से सड़क सम्पर्क बाधित हो गया है। इस कारण लोगों को आवागमन में काफी पेरशानी हो रही है। हादसे के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन इस पुल को पहले ही जर्जर घोषित कर चुका था। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, कटिहार, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सारण, सीवान और शिवहर जिले में बाढ़ की स्थिति अभी भी गम्भीर बनी हुई है। इस बीच, नेपाल सरकार ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कोसी और गंडक नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखक ने बताया कि भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुये आपदा प्रबंधन समेत अन्य एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश होने से बिहार में एक बार फिर बाढ़ की स्थिति बिगड़ने की आशंका है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में आज सुबह कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। सुपौल के किशनपुर में सबसे अधिक उनसठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं। दो हजार चौदह में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में कृष्णा घाट पर अशोक राजपथ से जे. पी. गंगा पथ संपर्क रोड का लोकार्पण किया। इस नए मार्ग के खुल जाने से एनआईटी, पटना, महेन्द्रू, रमनारोड, गुलबी घाट, भिखना पहाड़ी और खजांची रोड से जुड़े इलाकों के लोग बिना जाम में फंसे गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

————————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने लोगों से खादी वस्त्रों की खरीदारी करने की अपील की है। आज पटना के गांधी मैदान स्थित खादी मॉल में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि गांधी जयंती पर खादी निर्मित वस्त्रों पर पचास प्रतिशत की छूट उपलब्ध है।

———बाईट———

————————————————————————————

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया है।

———म्यूजिक———

नवरात्र के आज पहले दिन मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि देवी दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चना से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। नवरात्र को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में माहौल भक्तिमय हो गया है। विभिन्न शक्ति पीठों और सार्वजनिक पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु अपने घरों में भी कलश स्थापना कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। इधर, नवरात्र के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———म्यूजिक———

————————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि लोगों को स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के हित में और इससे कई तरह की सुविधाएं प्राप्त होती है। बिजली विभाग की समीक्षा बैठक के बाद डॉक्टर सिंह ने कहा कि जिले में कुल बारह लाख उपभोक्ताओं में से सात लाख पच्चीस हजार उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगा चुके हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत पर नजर रखने के अलावा लोग अब इससे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल से भी जोड़ कर लाभ उठा सकते हैं। इससे बिजली बिल में भी कमी आयेगी।

———————————————————————————————

मुंगेर के कासिमबाजार थाना क्षेत्र अन्तर्गत हवाई अड्डा मैदान में अपराधियों ने राजद के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला और मन्टू तिवारी को दोषी करार देते हुये उम्र कैद की सजा सुनाई।

02. केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की। योजना के तहत छात्रों को प्रतिमाह पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

03. कोसी नदी की बाढ़ से प्रभावित इलाकों की स्थिति में मामूली सुधार। सहरसा–मानसी रेलखंड पर पानी का दबाव घटा।

04. और, कलश स्थापना के साथ नवरात्र आज से शुरू। पहले दिन हो रही है देवी दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चना।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।